संख्या- 311 /2023/ 5068 /चार-2023

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः- **लखनऊः दिनांक 14 अक्टूबर, 2023**

विषयः- आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' 'अमृत कलश यात्रा' के जिला मुख्यालय के कार्यक्रमों सांस्कृति कार्यक्रम कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव महोदय द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 06.09.2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में संचालित 'मेरी माटी मेरा देश' के 'वंदनोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त जनपदों में दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने थे। भारत सरकार के कार्यक्रमों मे बदलाव के कारण उक्त कार्यक्रम दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 को किए जाने प्रस्तावित हैं।

2- समस्त जनपदों में जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम संस्कृति विभाग द्वारा कलाकार उपलब्ध कराये जायेंगे जिनके मानदेय का वहन संस्कृति विभाग द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के स्थल का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा।

3- समस्त जनपदों में कार्यक्रम हेतु अगस्त, 2023 में उपलब्ध करायी गयी धनराशि रू0 5.00 लाख से सांस्कृतिक कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थायें जैसे ध्वनि, प्रकाश का प्रबंध किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी जनपद में अगस्त, 2023 में उपलब्ध करायी गई धनराशि व्यय कर ली गई हो तो उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रम हेतु अतिरिक्त धनराशि की मांग की जा सकती है।

4- समस्त जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा नोडल नामित करते हुए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूचना संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in/amritkalashyatra/ पर उपलब्ध कराये जायें। नोडल अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों के भौतिक सत्यापनोंपरान्त संस्कृति निदेशालय को 30 दिवस के अन्दर बीजक/कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराएं ताकि भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जनपदवार कलाकारों की सूची एवं मानदेय का विवरण पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अमृत कलश यात्रा के दौरान दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 को कार्यक्रम सम्पादित कराते हुए समस्त सूचनायें भारत सरकार के पोर्टल https://merimaatimeradesh.gov.in/ एवं संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in/amritkalashyatra/ पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0।
2. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. सचिव, समस्त जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, उ0प्र0।
4. समस्त जिला सूचना अधिकारी, उ0प्र0।
5. गार्ड फाईल।

मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

276/2023/
संख्या-3870 /चार-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**

   नगर विकास/ नागरिक सुरक्षा/ प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण/ पंचायती राज/ ग्राम्य विकास/ खेल/सैनिक कल्याण/ गृह विभाग/ बेसिक शिक्षा/ माध्यमिक शिक्षा/ उच्च शिक्षा/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ वन विभाग, उत्तर प्रदेश।

2. **समस्त मण्डलायुक्त,**

   उत्तर प्रदेश।

3. **समस्त जिलाधिकारी,**

   उत्तर प्रदेश।

4. **समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,**

   उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग

लखनऊः दिनांक **06 सितम्बर, 2023**

विषयः ''आजादी का अमृत महोत्सव'' योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

''आजादी का अमृत महोत्सव'' भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर है। यदि हम सभी संकल्पित होकर और जनसहभागिता के साथ इस महोत्सव को मनायें तो

यह हमारा परम सौभाग्य होगा और ऐसे सौभाग्यमय उत्सवी रस की जन-जन तक पहुँच का सुनिश्चयन सरकार का परम ध्येय है।

2. इस महोत्सव की आधिकारिक यात्रा की शुरूआत 12 मार्च, 2021 को साबरमती में मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम के उद्बोधन से हुई थी। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन अब देशभर से 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' के चरम के साथ 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर किया जाना प्रस्तावित है।

3. 'मेरी माटी मेरा देश' की अवधारणा देश की स्वतंत्रता और प्रगति की याद दिलाते हुए भारत की मिट्टी के लिए जन-जन के हृदय में चिरस्थापित प्रेम को और भी सुपुष्पित कराने और हमारी माटी में बसे वीरता के चिरन्तन भाव का पुनर्जागरण कराने की भावभूमि के समवेत विरचन की एकीकृत परिकल्पना है।

4. उल्लिखित अवधारणा आधारित 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में निम्नानुसार आयोजित होंगे:

(अ) ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम :

(1) प्रत्येक ग्राम के महिला मंगलदल, युवक मंगल दल/ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत के सदस्य आदि अन्य उत्साही स्वयंसेवी ग्रामीणजन के साथ जुलूस निकालकर गॉव के प्रत्येक घर से मुट्ठीभर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) प्राप्त करेंगे। ये जूलूस/टोलियाँ जिलाधिकारी द्वारा 11 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2023 के मध्य नियत तिथि पर गॉव के प्रत्येक घर-घर जाकर उक्त सामग्री का संचयन करेंगे एवं शासकीय प्राथमिक/अपर प्राइमरी विद्यालय अथवा ग्राम सचिवालय भवन में अमृत-कलश में इसका संग्रहण करेंगे।

(2) दिनांक 11 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2023 के मध्य (जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि पर) अमृत-वाटिकाओं/ अमृत शिलापट्ट (शिलाफलकम्) स्थलों पर एक समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, राशन कोटेदार, ग्राम स्तरीय समस्त कर्मी तथा अन्य समस्त स्थानीयजन उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जायेगा, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं माटी-गीत की प्रस्तुति के साथ-साथ सम्बन्धित ग्राम-पंचायतों के वीर शहीदों के परिवारजनों का सम्मान एवं पंचप्रण की शपथ दिलायी जायेगी।

(3) **ब्लाक-स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम :**

प्रत्येक गाँव/ग्राम-पंचायत से संग्रहीत अमृत-कलश लेकर युवक मंगल दल/महिला मंगल दल/ नेहरू युवा केन्द्र/ स्काउट एवं गाइड्स/ एन0 सी0 सी0 एवं अन्य ग्रामीण-जन दिनांक 01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर, 2023 के मध्य **(जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि पर)** जुलूस की शक्ल में, ग्रामीण मार्गों से होते हुए, ब्लाक मुख्यालय पर पहुँचेंगे जहाँ समस्त ग्रामों से प्राप्त अमृत-कलशों में संग्रहीत मिट्टी का भावमय मिश्रण करते हुए ब्लॉक स्तरीय अमृत-कलश तैयार किया जायेगा।

(4) प्रत्येक ब्लाक में तैयार किया गया एक अमृत-कलश इस निमित्त चयनित 02 पुरूष व 02 महिलाओं (कुल 04 स्वयंसेवकों) द्वारा आगे जनपद मुख्यालय, प्रदेश मुख्यालय व देश की राजधानी दिल्ली ले जाया जायेगा। इन **स्वयंसेवकों का सम्पूर्ण डाटा/विवरण (नाम, पिता/पति का नाम, उम्र, पता, आधार कार्ड नम्बर, मोबाइल नम्बर) जिलाधिकारी द्वारा तैयार कराते हुए उसे संस्कृति विभाग व युवा कल्याण विभाग को दिनांक 15 सितम्बर, 2023 तक उपलब्ध कराया जायेगा।**

(5) अमृत-कलश-यात्रा जिसमें साइकिल/मोटर साइकिल/अन्य समरूप सुलभ वाहनों को अनुषंगी रूप में शामिल कराते हुए उत्सवी स्वरूप में कलशधारी समूह के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि पर क्रमश: विकास खण्ड एवं जिला मुख्यालय पहुंचेंगें। इस कार्यक्रम हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, सूक्ष्म योजना तैयार कर अमृत-कलश-यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर **जिलाधिकारी द्वारा नियत तिथि पर आयोजित ब्लॉक-स्तरीय समारोह में आयोजित वीरों का सम्मान भी किया जायेगा तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में जन-भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।**

(ब) शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम की रूपरेखा:

(1) शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में एनसीसी, एनएसएस, नागरिक सुरक्षा संगठन, नगरीय स्वास्थ्य अधिकारी अथवा नगर निकायों के मा0 अध्यक्ष/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा नियत व्यक्तियों द्वारा (महिलाओं के समुचित प्रतिनिधित्व के साथ) दिनांक 11 सितम्बर से 30 सितम्बर के मध्य जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि पर ग्रामीण क्षेत्रों

की भाँति नगर निकायों के प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) अमृत कलश में संगृहीत किये जायेंगे जिन्हें किसी सुरक्षित स्थल-नगर निकाय का कम्युनिटी सेन्टर अथवा पार्षद के संरक्षण में उनके आवास, सरकारी स्कूल आदि में समुचित व्यवस्था के साथ सुरक्षित रखा जायेगा।

(2) दिनांक 01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर, 2023 के मध्य ब्लॉक स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि के अनुरूप ही प्रत्येक नगर निकाय के वार्डों से अमृत-कलशों में संगृहीत मुट्ठीभर मिट्टी एवं चुटकी भर अक्षत (चावल) को नगर निकायों के अमृत-वाटिका/शिलापट्ट (शिलाफलकम्) स्थल पर समारोहपूर्वक लाया जायेगा। जहाँ भावमय मिश्रण करते हुए आगे की अमृत-कलश-यात्रा हेतु एक अमृत-कलश तैयार किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में वीरों का सम्मान तथा पंचप्रण शपथ दिलायी जायेगी। इस कार्यक्रम में नगर निकाय के समस्त सभासद एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

(स) जिला स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखाः

(1) जिले के समस्त ब्लॉकों एवं नगर-निकायों में एकत्रित किये गये अमृत-कलशों को दिनांक 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2023 के मध्य (जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर) जिला मुख्यालय पहुँचाया जायेगा। सुझाव है कि जिलाधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय पर दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 की तिथि नियत करके जिला स्तर पर अमृत-कलशों के आगमन के अवसर पर भव्य समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायें जिनमें प्रभारी मा0 मंत्रीगण/अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण की गारिमामयी उपस्थिति भी निवेदित की जाये। कार्यक्रम के दौरान पंचप्रण की शपथ भी दिलायी जाये।

(2) ऐसे जनपद जहाँ से लखनऊ 5-6 घंटे में रोड से पहुँचा जा सकता है, में यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर, 2023 को सायं किया जा सकता है, जिससे हर ब्लॉक एवं नगर निकाय के स्वयंसेवक 26 अक्टूबर, 2023 को प्रातः लखनऊ के लिए प्रस्थान कर सकेंगे। अन्य जनपद जहाँ से लखनऊ पहुँचने में 6 घंटे से ज्यादा अवधि लग सकती है, किसी अन्य जनपद से सम्पर्क स्थापित करके वहाँ रात्रि विश्राम की व्यवस्था कर ली जाये, जिससे वहाँ से 5-6 घंटो का समय ही लखनऊ पहुँचने में लगे एवं अमृत-कलश-यात्री स्वयंसेवियों को अनावश्यक थकावट न हो। इसीलिए ऐसे जनपदों में जिला स्तर का कार्यक्रम 25

अक्टूबर, 2023 को पूर्वान्ह में सम्पादित कर पार्टियों को दोपहर के बाद इंटरमीडिएट हाल्ट के जनपदों के लिए रवाना कर दिया जाये।

(3) प्रत्येक जिले से सुसज्जित वाहनों पर अमृत-कलश रखे जायेंगे और इस प्रकार लखनऊ तक अमृत-कलश का उत्सवी परिवहन किया जायेगा। 02 सुसज्जित बसों के माध्यम से स्वयंसेवक (प्रत्येक विकास खण्ड/नगर निकाय से 4 व्यक्ति (2 पुरूष व 2 महिला)) प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए इस प्रकार से प्रस्थान करेंगे कि वे 26 अक्टूबर, 2023 को सांयकाल तक लखनऊ पहुँच जायें। अमृत-कलश-यात्रा में माटी गीत तथा अन्य राष्ट्रभक्तिपूर्ण गीत डीजे/लाउड स्पीकर के माध्यम से बजाये जायेंगे।

(4) अमृत-कलश-यात्रा की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस स्कॉर्ट वाहन का प्रबन्ध सम्बन्धित जनपद के पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जायेगा।

(5) जनपद से आगे प्रदेश की राजधानी लखनऊ एवं राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली तक की अमृत-कलश-यात्रा के समन्वय हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी/ जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र नोडल अधिकारी होंगे।

(द) राज्य स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखाः

(1) दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अमृत-वाटिका (निकट झूलेलाल पार्क, गोमती तट, लखनऊ) में आयोजित किया जायेगा।

(2) इस कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री/मा0 उप मुख्यमंत्रीगण/मा0 मंत्रीगण/मा0 सांसदगण/मा0 विधायकगण/मेयर/जिला परिषद अध्यक्ष एवं अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों की गारिमामयी उपस्थिति निवेदित की जायेगी।

(3) कार्यक्रम के उपरांत अमृत-कलश-यात्रियों/स्वयंसेवकों को विशेष अमृत-रेलगाड़ियों के माध्यम से नई दिल्ली प्रस्थान कराया जाएगा। नई दिल्ली में अमृत-कलश-यात्रा के अवस्थान आदि से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों के समन्वय हेतु जिलाधिकारी, गाजियाबाद एवं जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर नोडल अधिकारी के रूप में नामित किये जाते हैं, जो प्रदेश के स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली एवं भारत सरकार के युवा कल्याण मंत्रालय व संस्कृति मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्त प्रतिभागियों हेतु नई दिल्ली मे अवस्थान, भ्रमण एवं भोजन आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे।

(4) दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त ब्लॉको/नगर निकायों के अमृत-कलश-यात्री-स्वयंसेवक/प्रतिनिधि

स्थानीय पारम्परिक परिधानों में प्रदेश का गरिमामय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे। अतः वे अपने साथ इसकी व्यवस्था कर अवश्य साथ ले जायेंगे।

5. कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चयन हेतु एतत्सम्बन्धी जानकारी अभियान से जुड़ी वेबसाइट http://yuva.gov.in/meri-mati-mera-desh से प्राप्त की जा सकती है। इस वेबसाइट पर इस अभियान से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री, जैसे-स्टैण्डी/ होर्डिंग/ बैनर/ बैकड्राप/ पंचप्रण उद्घोष/ मिट्टी-गान विषयक वीडियो क्लिप/ प्रचार अभियान की टैगलाइन से सम्बन्धित जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। इस प्रचार सामग्री को स्थानीय प्रचार माध्यमों, सिनेमा हाल, सार्वजनिक उद्घोष स्थलों, बस स्टेशन, टोल प्लाजा, पेट्रोल-डीजल पम्पों आदि के माध्यम से जनमानस में प्रचारित-प्रसारित किया जायेगा।

6. उक्त विभिन्न स्तरों पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों की फोटो/ वीडियो/ सेल्फी (मुट्ठीभर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) के साथ) एवं **कार्यक्रमों की संकलित सूचना संस्कृति विभाग के पोर्टल http://culturalevents.in पर अपलोड की जाये, जिससे कार्यक्रम के बाद पूरे आयोजन के सम्बन्ध में संकलित रिपोर्ट बनाने में उक्त का उपयोग किया जा सके।**

7. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस अभियान के उपरोक्तानुसार उल्लिखित समस्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को विस्तृत कार्य-योजना एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सहित क्रियान्वित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,
Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 06-09-2023 19:41:20
Reason: Approved

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

पृ0सं0- 3870 /चार-2023, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्रीगण/ मा0 मंत्रीगण/मा0 राज्य मंत्रीगण।
3. समस्त जिला युवा कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उल्लिखित समस्त कार्यक्रमों की सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. निदेशक, संस्कृति निदेशालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उत्सवधर्मितापूर्ण उक्त आयोजनों के अनुकूल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बनायें व उन्हें विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर क्रियान्वित करायें।

आज्ञा से,

6/09/23

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

"मेरी माटी मेरा देश" के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा के दौरान आयोजक जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु कलाकारों की सूची:–

दिनांक 26 अक्टूबर, 2023

*कार्यकम स्थल अंतिम रूप से जिला प्रशासन द्वारा तय किया जायेगा।

क्र0 सं0	जिला	कलाकार का नाम	मानदेय
1	अलीगढ़	श्री अकाश धनगर, अलीगढ़ देशभक्ति गायन मो0 :7078576347	20000
		सुश्री पूनम सारस्वत, अलीगढ़, कथक नृत्य नाटिका अतुल्य भारत संख्या–9 मो0: 9412596004	30000
2	हाथरस	श्री सुधीर कुमार चौहान, हाथरस देशभक्ति– लोकगायन संख्या–7 मो0 9917343333	20000
		सुश्री मीनाक्षी नागपाल, अलीगढ़ देशभक्ति गायन संख्या–6 मो0: 9897199580	25000
3	एटा	श्री जितेन्द्र कुमार, एटा, देश भक्ति लोकगायन संख्या–7 मो0 7417783934	20000
		सुश्री दीक्षा, एटा लोकगीत / लोकनृत्य मो0 9627622184	25000
4	कासगंज	श्री अशोक, कासगंज देशभक्ति गायन संख्या–8 मो0 9837778009	20000
		श्री मोहित बानो, कासगंज लोक गायन / नृत्य मो0 : 8755793043	25000
5	आगरा	श्री देवेन्द्र शर्मा मगंलामुखी, आगरा कथक नृत्य	40000
		श्री महावीर चाहर, आगरा देश भक्ति गायन संख्या–7 मो0 9837530552	25000
6	फिरोजाबाद	सुश्री तनिष्का सक्सेना, फिरोजाबाद कथक नृत्य नाटिका मो0 : 7351565000	25000
		श्री अरून, फिरोजाबाद लोक गायन मो0 9520791654	20000
7	मैनपुरी	श्री प्रेम नरायन मैनपुरी लोक गायन संख्या–30 मो0: 9319882321	20000
		सुश्री वन्दना मथुरा, ब्रज के लोकगायन एवं नृत्य संख्या–25 मो0 8899858888	75000

8	मथुरा	श्री भारत भूषण शर्मा, मथुरा ब्रज के लोकनृत्य मो0–	40000
		सुश्री माधुरी शर्मा, मथुरा देशभक्ति गायन संख्या–8 मो0: 9837258342	35000
9	आजमगढ़	श्री केशव पासन, आजमगढ़ धोबिया लोक नृत्य मो0 : 9838877709	20000
		सुश्री पूजा कुमारी मिश्रा, आजमगढ़ लोक गायन मो0 : 9795995038	20000
10	बलिया	श्री जय प्रकाश, बलिया, बिरहा लोक गायन संख्या–6 मो0 7355170965	20000
		श्री अंजनी उपाध्याय, बलिया लोक गायन मो0 : 9839561458	20000
11	मऊ	श्री बृजेश त्रिपाठी, मऊ गायन संख्या–7 मो0 9415884673	15000
		सुश्री रीना राव, मऊ (करिश्मा) मो0 : लोकगायन / लोकनृत्य संख्या–6 मो0 8920940450	20000
12	लखनऊ	सुश्री सपना सिंह, लखनऊ आजादी के मतवाले नृत्य नाटिका संख्या–7 मो0 : 8840608683	30000
		श्री राधेश्याम पाल, लखनऊ सूफी गायन मो0–9082145578	60000
13	लखीमपुर खीरी	श्री नीरज कुमार, लखीमपुर लोक गायन मो0: 8052777893	20000
		सुश्री भागवती देवी, लखीमपुर थारू जनजाति के नृत्य मो0: 9455026391	20000
14	हरदोई	सुश्री सध्या सिंह, हरदोई देश भक्ति लोकगायन / नृत्य संख्या–8 मो0 9335700867	20000
		श्री शोनित कुमार, हरदोई लोक गायन संख्या–6 मो0 :9198058214	20000
15	रायबरेली	सुश्री अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, रायबरेली लोकगायन संख्या–7 मो0 8052780542	25000
		श्री रामरथ पाण्डेय, रायबरेली आल्हा गायन मो0: 9695128358	20000
16	उन्नाव	श्री पंकज तिवारी, उन्नाव आल्हा गायन मो0 :8887890889	15000

		डॉ0 नेहा दीक्षित, उन्नाव लोक गायन मो0 :9919004812	30000
17	सीतापुर	श्री हरीश गौड सीतापुर लोक गायन संख्या–7 मो0:	20000
		सुश्री राधिका श्रीवास्तव, सीतापुर लोक गायन संख्या–7 मो0 :8948278900	20000
18	कानपुर नगर	सुश्री सीमा वर्मा, कानपुर गायन संख्या–7 मो0 8718219997, 8953818777	20000
		श्री विपिन निगम, कानपुर कथक नृत्य नाटिका मो0 :9415763799	30000
19	कानपुर देहात	श्री आयुष द्विवेदी, कानपुर देशभक्ति गायन मो0 :8808036227	25000
		श्री राम नरेश, कानपुर देहात भजन गायन संख्या–8 मो0 :9628680188	20000
20	औरैया	श्री अभिजीत श्रीवास्तव, औरैया देशभक्ति गायन	20000
		सुश्री जया श्रीवास्तव, औरैया, लोकगायन/नृत्य संख्या–8 मो0 9412186897	25000
21	फर्रूखाबाद	श्री उमा शंकर देसला, मथुरा ब्रज के लोकनृत्य/गीत मो0 :9897463841	45000
		सुश्री आस्तिकी मिश्रा, फर्रूखाबाद लोक गायन मो0 :8707669401	20000
22	इटावा	श्री प्रखर गौड, इटावा आजादी पर आधारित लोकगायन संख्या–7 मो0 8279584644	25000
		सुश्री रीना देवी, इटावा, लोकनृत्य संख्या–10 मो0 7011272126	20000
23	कन्नौज	श्री नौशा खान, कन्नौज लोकगायन संख्या–7 मो0 9336074798	20000
		श्री मयंक रंजन, लखनऊ देश भक्तिगायन/नृत्य मो0 :9415785170	40000
24	गोरखपुर	श्री शरदमणि त्रिपाठी, गोरखपुर लोक गायन मो0: 9451513847	30000
		सुश्री इन्दु गुप्ता, गोरखपुर, लोक नृत्य संख्या–12 मो0–9450882766	35000
25	देवरिया	श्री अनुज पाण्डेय, देवरिया शास्त्रीय गायन मो0 : 9721174941	20000

		सुश्री मोहिनी द्विवेदी, देवरिया लोक गायन / लोकनृत्य मो0 :9137942708	30000
26	महाराजगंज	श्री अनित अंजन, महराजगंज लोकगायन संख्या–7 मो0: 9651049999	30000
		सुश्री नूरजहाँ, महराजगंज बिरहा लोकगायन संख्या–7 मो0 9648825186	20000
27	कुशीनगर	श्री सत्यम वर्मा, कुशीनगर लोकगायन संख्या–7 मो0 7054743221	30000
		सुश्री प्रीती कुशवाहा, कुशीनगर लोक गायन / लोकनृत्य मो0 :9721095976	20000
28	चित्रकूट	श्री विद्यार्थी राम प्रसाद, चित्रकूट देशभक्ति बिरहा गायन मो0 :7408766309	20000
		सुश्री रागिनी चन्द्रा, प्रयागराज लोक गायन / लोकनृत्य मो0 :8418951873	30000
29	बांदा	श्री रमेश पाल, बांदा दीवारी पाईडण्डा मो0 8840461494	20000
		श्री लखन बांदा बुन्देली लोकगायन एवं नृत्य संख्या–7 मो0 9026785201	20000
30	महोबा	श्री लखन लाल यादव, दिवारी / पाईडण्डा लोक नृत्य, संख्या–15 मो0 9450852912	25000
		श्री कुसुम पाल, महोबा भजन एवं गायन मो0 :9305138413	20000
31	हमीरपुर	श्री भावना सिंह, हमीरपुर देशभक्ति नृत्य नाटिका मो0 :7905762478	30000
		श्री कृतेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, हमीरपुर बुन्देली लोक गायन मो0 :7987802861	20000
32	झांसी	सुश्री बेबी इमरान, झांसी बुंदेली लोकगायन / लोकनृत्य संख्या–15 मो0:	20000
		श्री कैलाश मैहरौलिया, झांसी बुन्देली गायन मो0 :9452008110	20000
33	ललितपुर	श्री जितेन्द्र कुमार, ललितपुर बुन्देली लोकगायन / नृत्य संख्या–15 मो0 8840718355	30000
		सुश्री सुधा देवी पाण्डेय, ललितपुर राई लोक नृत्य मो0 :9415456961	30000
34	जालौन	श्री जगजीवन राम, जलौन बुन्देली गायन	20000

		मो0 : 9528999895	
		सुश्री मंजू वर्मा, जालौन बुन्देली नृत्य / गायन मो0 : 8109009476	20000
35	गोण्डा (देवीपाटन)	सुश्री उर्मिला पाण्डेय, गोण्डा लोकगायन / नृत्य संख्या–8 मो0 8601886547	30000
		श्री बृज बिहारी मिश्रा, गोंडा लोक गायन मो0 8787201103	25000
36	बलरामपुर	श्री संजय गिरी, बलरामपुर देशभक्ति गायन, संख्या–7 मो0 :6387172013	20000
		सुश्री तारा चौधरी, बलरामपुर देश भक्ति गायन / झूमरा, माघी थारू नृत्य, संख्या–12	25000
37	बहराइच	श्री जसबीर सिंह, बहराइच गायन बैण्ड संख्या–8 मो0 6393296131	20000
		सुश्री राजकुमारी, बहराइच हुरदुग्वा नृत्य थारू जनजाति मो0 : 9554451402	30000
38	श्रावस्ती	श्री कर्मवीर सिंह, श्रावस्ती थारू जनजाति नृत्य मो0 : 8299129892	25000
		सुश्री वीना पाण्डेय, श्रावस्ती लोक गायन मो0 :9415776766	25000
39	अयोध्या	सुश्री आराध्या गौतम, अयोध्या, लोकगायन / नृत्य संख्या–15 मो0 8840437653	25000
		श्री प्रेमचन्द्र तिवारी, अयोध्या, गायन संख्या–7 मो0 9839901698	25000
40	अम्बेडकर नगर	सुश्री प्रतिमा यादव, अम्बेडकरनगर लोकगायन / नृत्य संख्या–10 मो0: 7355598960	25000
		श्री गौरव शुक्ला, अम्बेडकर नगर लोक गायन मो0 8115200489	25000
41	बाराबंकी	सुश्री सरिता यादव, बाराबंकी लोक नृत्य मो0 :7860487992	30000
		सुश्री ऐमन जावेद फारूकी, बाराबंकी, देशभक्ति गायन मो0 :	20000
42	अमेठी	सुश्री नीलम सिंह, अमेठी लोकगायन / नृत्य संख्या–10 मो0 9565075450	20000
		श्री जे0पी0 यादव, अमेठी	20000

		लोक गायन मो0 :9517587107	
43	सुल्तानपुर	श्री श्याम लाल प्रजापति, सुल्तानपुर बिरहा गायक मो0 :9984954631	20000
		श्री हरि प्रसाद, सुल्तानपुर अहिरवा लोक नृत्य मो0 :9919084445	20000
44	बस्ती	सुश्री रंजना अग्रहरि, बस्ती देशभक्ति लोकगायन/नृत्य संख्या–10 मो0 9838922078	25000
		श्री जोखू राम, बस्ती लोक गायन संख्या–8	20000
45	संत कबीरनगर	सुश्री प्रमिला उर्फ पप्पी कोयल, संत कबीरनगर लोकगायन संख्या–7 मो0–9838816532	20000
		श्री अजीत उपाध्याय, गोरखपुर लोक गायन मो0 :	25000
46	सिद्धार्थ नगर	श्री रूपेश कुमार मिश्रा, सिद्धार्थ नगर सूफी गायन मो0 :8528606316	20000
		सुश्री जूही पाण्डेय, सिद्धार्थ नगर देशभक्ति गायन मो0 :	25000
47	बरेली	श्री विशाल अग्रवाल, बरेली देशभक्ति गायन संख्या–7 मो0–9267225094	25000
		गुंजन गुप्ता, बरेली लोकगायन/नृत्य मो0–8126599261	20000
48	शाहजहाँपुर	श्री कलविन्दर कौर, शाहजहाँपुर लोक गायन मो0 :7880385887	20000
		सुश्री सरिता वाजपेयी, शाहजहाँपुर देशभक्ति गायन मो0 :9807707271	20000
49	पीलीभीत	श्री रजनीश सिंह राणा, पीलीभीत लोक गायन मो0–6398587278	25000
		सुश्री रिंकू राणा गायन/नृत्य संख्या–15 मो0–9528417757	25000
50	बदायूँ	सुश्री सविता चौहान, बदायूँ गायन,संख्या–10 मो0–8954284405	20000
		श्री शुभम वशिष्ठ, बदायूँ देशभक्ति लोकगायन संख्या–7 मो0–9457022213	20000
51	मीरजापुर (विन्ध्याचल)	श्री शिव लाल गुप्ता, मिर्जापुर देशभक्ति लोकगायन संख्या–7 मो0–8115605084	20000
		सुश्री उर्मिला श्रीवास्तव, मीरजापुर	30000

		कजरी गायन मो0 :9794705119	
52	संत रविदासनगर	श्री मंगल यादव, 'कवि', भदोही बिरहा गायन संख्या–6 मो0 9918863636	20000
		श्री शेषमणि सरोज, भदोही, देशभक्ति लोकगायन संख्या–7 मो0–9794106685	12000
53	सोनभद्र	सुश्री मीना देवी, सोनभद्र लोक गायन मो0 : 8127498505	25000
		श्री रामधनी, सोनभद्र धरकरी नृत्य मो0 81257542869, 8127542863	25000
54	मुरादाबाद	श्री पुष्पेन्द्र चौहान, मुरादाबाद लोक गायन मो0 :7017812269	20000
		सुश्री नमिता अग्रवाल, मुरादाबाद देशभक्ति लोक गायन एवं नृत्य मो0 :9917465656	30000
55	रामपुर	श्री सखावत हुसैन, रामपुर, देश भक्ति लोकगायन संख्या–8 मो0–9897670207	25000
		डा0 हितू मिश्रा, बरेली लोकगायन/नृत्य संख्या–10 मो0–9457874274	35000
56	संभल	श्री गुलशन वार्ष्णेय, चंदौसी लोकगायन/नृत्य संख्या–12 मो0 75993223051	25000
		सुश्री ममता राजपूत, सम्भल, लोकगायन संख्या–7 मो0–6395118700	20000
57	बिजनौर	श्री राजेन्द्र चौधरी, बिजनौर लोक नृत्य मो0 :9359927555	30000
		श्री सरफराज साबरी, बिजनौर कव्वाली/सूफी मो0 :9359999617	20000
58	अमरोहा	श्री रेखा मिश्रा, लखनऊ लोक गायन मो0 :	30000
		श्री असलम वारसी, अमरोहा देश भक्ति लोकगायन संख्या–8 मो0–9319262475	15000
59	मेरठ	सुश्री नीता गुप्ता, मेरठ देशभक्ति लोकगायन संख्या–8 मो0–9897597507	35000
		श्री कुनाल, मेरठ लोक नृत्य मो0 :9548566139	20000
60	बागपत	श्री जयवीर भाटी, गौतमबुद्धनगर रागिनी गायन संख्या–8 मो0–9350765590	40000

		श्री दीपक शर्मा, मथुरा ब्रज के लोकगीत एवं नृत्य मो0 :8107777123	40000
61	बुलंदशहर	सुश्री सुजल जैन, लोक गायन / नृत्य मो0 – 8077768084	40000
		आचार्य श्री प्रकाश, खुर्जा, बुलन्दशहर, गायन, संख्या–8 मो0–9917955745	15000
62	गौतमबुद्ध नगर	श्री ब्रहम् पाल नागर, गौतमबुद्ध नगर देश भक्ति, रागिनी गायन संख्या–8 मो0–9312282012	50000
		सुश्री माया कुलश्रेष्ठ, नोएडा लोक नृत्य मो0 :8979681312	30000
63	गाजियाबाद	सुश्री चंचल बंजारा, गाजियाबाद देशभक्ति लोकगायन संख्या–8 मो0–9897597507	50000
		श्री नीरज कुमार गुप्ता, गाजियाबाद लोकगायन / नृत्य संख्या–10 मो0–9810895664	20000
64	हापुड़	सुश्री वन्दना सिसौदिया, मथुरा ब्रज के लोक गीत / नृत्य	40000
		श्री गीत कृष्ण, मथुरा ब्रज के लोक गायन एवं नृत्य मो0 :96341533641	40000
65	प्रयागराज	श्री राज नरायण पटेल, प्रयागराज बिरहा गायन मो0 : 9889021677	25000
		सुश्री मीनू तिवारी, प्रयागराज लोकनृत्य संख्या–15 मो0 9451800916, 9369102898	25000
66	फतेहपुर	सुश्री ज्योति मिश्रा, प्रयागराज लोक गायन / नृत्य मो0 : 9235300007	25000
		श्री छोटे लाल, फतेहपुर आल्हा गायन मो0 :7570068077	20000
67	कौशाम्बी	आशुतोष श्रीवास्तव, प्रयागराज लोक गायन मो0 :9415368086	35000
		सुश्री सीमा पटेल, कौशाम्बी लोक गायन मो0 :9956519945	25000
68	प्रतापगढ़	सुश्री मोहिनी श्रीवास्तव, प्रयागराज लोक गायन मो0 : 9305091808	25000
		सुश्री शिवानी मातन हेलिया, प्रतापगढ़ देशभक्ति लोकगायन संख्या–10 मो0 9415229553	30000
69	वाराणसी	श्री चन्द्रशेखर, वाराणसी लोक गायन	25000

		मो0 :8858858555	
		सुश्री सोनी सेठ, वाराणसी देश भक्ति कथक नृत्य मो0 7706003888	20000
70	चंदौली	श्री मंगल यादव, चंदौली बिरहा गायन मो0 : 9451955637	20000
		सुश्री अनमोल सिंह, चंदौली लोक गायन मो0 : 8839208478	20000
71	जौनपुर	श्री अशोक सोनकर, जौनपुर बिरहा लोकगायन संख्या–6 मो0 7379962687	20000
		सुश्री सोनम सरोज, जौनपुर लोक गायन मो0 :7238977947	20000
72	गाजीपुर	श्री राकेश सिंह यादव, गाजीपुर देशभक्ति लोकगायन संख्या–7 मो0 :8381881724	25000
		श्री सल्टूराम, गाजीपुर धोबिया नृत्य मो0 :7309478168	25000
73	सहारनपुर	सुश्री रंजना नेब, सहारनपुर 'आजाद भारत' नृत्यनाटिका संख्या–8 मो0 7500068469	35000
		श्री नीरज जी, सहारनपुर रागिनी गायन संख्या–7 मो0 8279806118	20000
74	मुजफ्फर नगर	सुश्री वैदेही शर्मा मुजफ्फर नगर, गायन, संख्या–7 मो0 7417403727	20000
		श्री स्वदेश कौशिक मुजफ्फर नगर देशभक्ति गायन संख्या–5 मो0 :	20000
75	शामली	श्री लाल सिंह, लचक, शामली, लोक गायन संख्या–7 मो0 9027055642	12000
		सुश्री रेखा शर्मा, मथुरा ब्रज के लोक गायन/नृत्य मो0 :	40000
योग– (रूपये अड़तीस लाख चार हजार मात्र)			3804000

नोटः– यदि कोई कलाकार किसी कारणवश कार्यक्रम हेतु उपस्थित नहीं हो पाता है, तो विभाग द्वारा उसके स्थान पर अन्य कलाकार उसी मानदेय में उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।